Idealism :— विचारवाद या आदर्शवाद या प्रत्ययवाद उन विचारों और मान्यताओं की समेकित विचारधारा है जिनके अनुसार इस जगत की समस्त वस्तुएं विचार या चेतना की अभिव्यक्ति है। सृष्टि का सारतत्व जड़ पदार्थ नहीं अपितु मूल चेतना है। आदर्शवाद जड़ता या भौतिकवाद का विपरीत रूप प्रस्तुत करता है। यह आत्मिक - अभौतिक के प्राथमिक होने तथा भौतिक के द्वितीयक होने के सिद्धांत को अपना आधार बनाता है, जो उसे देश-काल में जगत की परिमितता और जगत की ईश्वर द्वारा रचना के विषय में धर्म के जड़सूत्र के निकट पहुँचता है। आदर्शवाद चेतना को प्रकृति से अलग करके देखता है, जिसके फलस्वरूप वह मानव चेतना और संज्ञान की प्रक्रिया को अनिवार्यतः रहस्मय बनाता है और अक्सर संशय-वाद तथा अज्ञेयवाद की तरफ बढ़ने लगता है।

मूल्यों का अस्तित्व, उनमें श्रेष्ठता का भेद और सर्वश्रेष्ठ मूल्य का अस्तित्व आदर्श-वाद की मौलिक धारणा है। इससे संबद्ध कुछ अन्य धारणाएँ भी आदर्शवादियों के लिए मान्य

है। इनमें से हम यहाँ तीन पर विचार करेंगे :—

1. सामान्य का पद विशेष से ऊँचा है। प्रत्येक बुद्धिवंत बुद्धिवंत होने के नाते मद में भाग लेने का अधिकारी है।

2. आध्यात्मिक मद का मूल्य प्राकृतिक मद से अधिक है।

3. बुद्धिवंत प्राणी (मनुष्य) में मद को सिद्ध करने की क्षमता है। मनुष्य स्वाधीनकर्ता है।

इन तीनों धारणाओं पर तनिक विचार की आवश्यकता है। सामान्य और विशेष का भेद स्वार्थवाद और सर्वार्थवाद के विवाद में प्रकट होता है। भोगवाद (सुखवाद) ने स्वार्थ से आरंभ किया, परंतु शीघ्र ही इसके ध्येय में स्वार्थ ने स्थान प्राप्त कर लिया।